**Q.1) निम्नलिखित कथनों पर विचार करें**

1. संवैधानिक संशोधन विधेयक प्रस्तुत करने हेतु राष्ट्रपति की पूर्व अनुमति की आवश्यकता नहीं होती है।
2. राष्ट्रपति संसद के समक्ष पुनर्विचार के लिए संवैधानिक संशोधन विधेयक वापस नहीं कर सकता है, लेकिन सहमति देने से मना कर सकता है।

**ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा सही नहीं है / हैं?**

a) केवल 1
b) केवल 2
c) 1 और 2 दोनों
d) न तो 1 और न ही 2

## Q.1) Solution (b)

संवैधानिक संशोधन विधेयक प्रस्तुत करने करने के लिए राष्ट्रपति की पूर्व अनुमति की आवश्यकता नहीं होती है।

**इसलिए कथन 1 सही है।**

राष्ट्रपति को संवैधानिक संशोधन विधेयक पर अपनी सहमति अवश्य देनी होती है। वह न तो विधेयक पर अपनी सहमति को रोक सकता है और न ही संसद में पुनर्विचार के लिए विधेयक को वापस कर सकता है।

**इसलिए कथन 2 गलत है।**

**Q.2) निम्नलिखित कथनों पर विचार करें**

1. राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों को संसद के दोनों सदनों के साधारण बहुमत से संशोधित किया जा सकता है।
2. छठी अनुसूची में संसद के दोनों सदनों के साधारण बहुमत से संशोधन किया जा सकता है।

**ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा सही है / हैं?**

a) केवल 1
b) केवल 2
c) 1 और 2 दोनों
d) न तो 1 और न ही 2

## Q.2) Solution (b)

राज्य नीति के निर्देश सिद्धांतों को संसद के दोनों सदनों के विशेष बहुमत (प्रत्येक सदन की कुल सदस्यता का बहुमत तथा प्रत्येक सदन के उपस्थित और मतदान करने वाले दो तिहाई सदस्यों का बहुमत) द्वारा संशोधित किया जा सकता है।

**इसलिए कथन 1 गलत है।**

छठी अनुसूची में संसद के दोनों सदनों के साधारण बहुमत से संशोधन किया जा सकता है।

**इसलिए कथन 2 सही है।**

**Q.3) निम्नलिखित कथनों पर विचार करें**

1. बुनियादी ढांचे का सिद्धांत 1971 के बाद किए गए संवैधानिक संशोधनों पर लागू होगा।
2. व्यक्ति की स्वतंत्रता और गरिमा संविधान के बुनियादी ढांचे के तत्वों में से एक है।

**ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा सही है / हैं?**

a) केवल 1
b) केवल 2

c) 1 और 2 दोनों
d) न तो 1 और न ही 2

**Q.3) Solution (b)**

वामन राव मामले (1981) में, सर्वोच्च न्यायालय ने 'बुनियादी ढांचे' के सिद्धांत को निर्गत किया और आगे स्पष्ट किया कि यह 24 अप्रैल, 1973 (अर्थात, केशवानंद भारती वाद में दिए गए निर्णय की तारीख के बाद किए गए संविधान संशोधन पर लागू होगा)।

**इसलिए कथन 1 गलत है।**

व्यक्ति की स्वतंत्रता एवं गरिमा, कल्याणकारी राज्य, कानून का नियम, समता के प्रधानता आदि संविधान के बुनियादी ढांचे के कुछ तत्व हैं।

**इसलिए कथन 2 सही है।**

**Q.4) निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. 44 वें संविधान संशोधन अधिनियम के अनुसार, राष्ट्रपति के पद पर आसीन व्यक्ति को उस कार्यालय में दोबारा नहीं चुना जाएगा।
2. यदि राष्ट्रपति के रूप में किसी व्यक्ति का चुनाव सर्वोच्च न्यायालय द्वारा शून्य घोषित किया जाता है, तो इस तरह की घोषणा की तारीख से पहले उसके द्वारा किए गए कृत्यों को अमान्य नहीं किया जाता है।

**ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा सही नहीं है / हैं?**

a) केवल 1
b) केवल 2
c) 1 और 2 दोनों
d) न तो 1 और न ही 2

**Q.4) Solution (a)**

अनुच्छेद 56: एक व्यक्ति जो राष्ट्रपति के रूप में पद धारण करता है, या जिसने धारण किया है, इस संविधान के अन्य प्रावधानों के अधीन है, तथा उस कार्यालय के पुन: चुनाव के लिए पात्र होगा।

**इसलिए कथन 1 गलत है।**

यदि राष्ट्रपति के रूप में किसी व्यक्ति के चुनाव को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा शून्य घोषित किया जाता है, तो सर्वोच्च न्यायालय की ऐसी घोषणा की तारीख से पहले उसके द्वारा किए गए कार्य अमान्य नहीं होते हैं।

**इसलिए कथन 2 सही है।**

**Q.5) निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. राष्ट्रपति को पद की शपथ भारत के उपराष्ट्रपति द्वारा दिलाई जाती है
2. राष्ट्रपति के खिलाफ महाभियोग की कार्यवाही केवल लोकसभा में आरंभ की जा सकती है।

**ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा सही है / हैं?**

a) केवल 1
b) केवल 2
c) 1 और 2 दोनों
d) न तो 1 और न ही 2

**Q.5) Solution (d)**

प्रत्येक व्यक्ति जो राष्ट्रपति है या राष्ट्रपति के रूप में कार्य करता है या राष्ट्रपति के कार्यों का निर्वहन करता है, अपने कार्यालय में प्रवेश करने से पहले, भारत के मुख्य न्यायाधीश की उपस्थिति में अपनी शपथ लेता है तथा उसकी अनुपस्थिति में, सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठतम न्यायाधीश की उपस्थिति में लेता है।

**इसलिए कथन 1 गलत है।**

राष्ट्रपति के खिलाफ महाभियोग की कार्यवाही संसद के किसी भी सदन में आरंभ की जा सकती है।

**इसलिए कथन 2 गलत है।**

**Q.6) संवैधानिक संशोधन विधेयक के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. विधेयक केवल एक मंत्री द्वारा प्रस्तुत किया जा सकता है।
2. ऐसे विधेयक के पारित होते समय गतिरोध होने पर संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक आयोजित करने का कोई प्रावधान नहीं है।

**ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा सही नहीं है / हैं?**

a) केवल 1
b) केवल 2
c) 1 और 2 दोनों
d) न तो 1 और न ही 2

## Q.6) Solution (a)

विधेयक को मंत्री या निजी सदस्य द्वारा प्रस्तुत किया जा सकता है और उसे राष्ट्रपति की पूर्व अनुमति की आवश्यकता नहीं होती है।

**इसलिए कथन 1 गलत है।**

प्रत्येक सदन को पृथक रूप से विधेयक पारित करना होगा। दोनों सदनों के बीच असहमति के मामले में, विधेयक के विचार-विमर्श और पारित होने के लिए दोनों सदनों की संयुक्त बैठक आयोजित करने का कोई प्रावधान नहीं है।

**इसलिए कथन 2 सही है।**

**Q.7) एकल हस्तांतरणीय मत प्रणाली (आनुपातिक प्रतिनिधित्व) द्वारा निम्नलिखित में से किसे चुना जाता है?**

1. विधान सभा के सदस्य
2. उप-राष्ट्रपति
3. राज्यसभा के सदस्य

**नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनें:**

a) केवल 2
b) 1 और 3
c) केवल 2 और 3
d) 1, 2 और 3

## Q.7) Solution (c)

- आनुपातिक प्रतिनिधित्व के दो प्रकार हैं, अर्थात् एकल हस्तांतरणीय मत प्रणाली और सूची प्रणाली। भारत में, राज्यसभा और राज्य विधान परिषद के सदस्यों के चुनाव के लिए तथा राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के चुनाव के लिए एकल हस्तांतरणीय मत प्रणाली को अपनाया जाता है।
- आनुपातिक प्रतिनिधित्व की प्रणाली के तहत सभी दलों के लोगों को उनकी संख्या के अनुपात में प्रतिनिधित्व मिलता है। यहां तक कि संख्या के सबसे छोटे हिस्से को विधायिका में प्रतिनिधित्व का उचित हिस्सा मिलता है।
- संविधान ने लोकसभा के लिए सदस्यों के चुनाव के लिए क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व (territorial representation) की प्रणाली को अपनाया है।

**Q.8) राष्ट्रपति को 'संविधान के उल्लंघन' (violation of the Constitution) के लिए महाभियोग की प्रक्रिया द्वारा पद से हटाया जा सकता है। निम्नलिखित कथनों पर विचार करें।**

1. संविधान शब्द 'संविधान के उल्लंघन' के अर्थ को परिभाषित नहीं करता है।
2. संविधान राष्ट्रपति के महाभियोग की प्रक्रिया प्रदान नहीं करता है तथा संसद को कानून बनाने के लिए छोड़ दिया है।
3. संसद के दोनों सदनों के नामित सदस्य राष्ट्रपति के महाभियोग में भाग नहीं ले सकते हैं।

**ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा सही है / हैं?**

a) केवल 1
b) 1 और 3
c) केवल 2 और 3
d) केवल 3

## Q.8) Solution (a)

राष्ट्रपति को 'संविधान के उल्लंघन' के लिए महाभियोग की प्रक्रिया द्वारा पद से हटाया जा सकता है। हालाँकि, संविधान 'संविधान के उल्लंघन' वाक्यांश का अर्थ परिभाषित नहीं करता है।

**इसलिए कथन 1 सही है।**

चूंकि संविधान राष्ट्रपति को हटाने के लिए प्रक्रिया और आधार प्रदान करता है, इसलिए अनुच्छेद 56 और 61 की शर्तों के अनुसार, महाभियोग द्वारा हटाया जा सकता।

**इसलिए कथन 2 गलत है।**

संसद के किसी भी सदन के नामित सदस्य राष्ट्रपति के महाभियोग में भाग ले सकते हैं हालांकि वे उसके चुनाव में भाग नहीं लेते हैं;

**इसलिए कथन 3 गलत है।**

**Q.9) राष्ट्रपति की क्षमा शक्ति के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:**

1. राज्यपाल और राष्ट्रपति दोनों के पास मृत्युदंड के संबंध में निलंबन, लघुकरण और रूपांतरण की समवर्ती शक्तियां हैं।
2. राष्ट्रपति के फैसलों की वैधता पर प्रश्न उठाने के लिए संविधान किसी भी तंत्र को प्रदान नहीं करता है।

**ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा सही है / हैं?**

a) केवल 1
b) केवल 2
c) 1 और 2 दोनों
d) न तो 1 और न ही 2

## Q.9) Solution (c)

राष्ट्रपति की क्षमा शक्ति न्यायपालिका से स्वतंत्र है; यह एक कार्यकारी शक्ति है।

राज्यपाल और राष्ट्रपति दोनों के पास मृत्युदंड के संबंध में निलंबन, लघुकरण और रूपांतरण की समवर्ती शक्तियां हैं।

**इसलिए कथन 1 सही है।**

दया के क्षेत्राधिकार के संबंध में राष्ट्रपति के निर्णयों की वैधता पर प्रश्न उठाने के लिए संविधान किसी भी तंत्र को प्रदान नहीं करता है।

**इसलिए कथन 2 सही है।**

**Q.10) भारत के उप-राष्ट्रपति के पद के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है / हैं?**

a) इस पद पर चुने जाने वाले व्यक्ति की आयु न्यूनतम 35 वर्ष होनी चाहिए
b) इस पद के चुनाव के लिए निर्वाचक मंडल में संसद के दोनों सदनों के निर्वाचित सदस्य और नामित सदस्य दोनों होते हैं।
c) राष्ट्रपति की मृत्यु की स्थिति में, वह उसके कार्यालय में एक वर्ष से अधिक की अवधि के लिए पद संभाल सकता है।
d) इस पद का प्रभारी राज्य सभा का पदेन अध्यक्ष होता है

## Q.10) Solution (c)

इस पद पर चुने जाने वाले व्यक्ति की आयु न्यूनतम 35 वर्ष होनी चाहिए

**इसलिए कथन a सही है।**

इस पद के चुनाव के लिए निर्वाचक मंडल में संसद के दोनों सदनों के निर्वाचित सदस्य और नामित सदस्य दोनों होते हैं तथा निर्वाचित व्यक्ति पाँच साल की अवधि के लिए पद पर बना रहता है।

**इसलिए कथन b सही है।**

राष्ट्रपति की मृत्यु की स्थिति में, वह उसके कार्यालय को अधिकतम छह महीने की अवधि के लिए संभाल सकता है।

**इसलिए कथन c गलत है।**

इस पद का प्रभारी राज्य सभा का पदेन अध्यक्ष होता है

**इसलिए कथन d सही है।**

**Q.1) 'पेन्ना' (Penna) नदी किससे होकर बहती है**

1. कर्नाटक
2. आंध्र प्रदेश
3. तमिलनाडु

**सही कूट का चयन करें:**

a) 1 और 2
b) 2 और 3
c) 1 और 3
d) उपरोक्त सभी

## Q.1) Solution (a)

पेन्ना नदी कर्नाटक राज्य के चिकबल्लापुर जिले में नंदी पहाड़ी से निकलती है, तथा उत्तर और पूर्व में कर्नाटक और आंध्र प्रदेश राज्यों के माध्यम से बहती हुई बंगाल की खाड़ी में मिल जाती है।

300 साल पुराना श्री नागेश्वर स्वामी मंदिर, जो लगभग आठ दशकों से रेत में दबा हुआ था, का खुलासा नेल्लोर जिले के चेराजाला मंडल के पेरुमलापाडु के ग्रामीणों ने किया है। मंदिर लंबे समय तक दबा हुआ था क्योंकि पेन्ना नदी ने अपनी धारा प्रवाह बदल दिया था। ईंट से बनी संरचना संभवतः 1850 की बाढ़ के बाद शायद रेत के टीलों में डूब गई होगी।

**Source: https://www.thehindu.com/news/national/andhra-pradesh/historic-temple-unearthed-in-nellore/article31846032.ece**

**Q.2) 'सौर ऑर्बिटर (Solar Orbiter- SolO)' के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार करें।**

1. इसका उद्देश्य आंतरिक हेलियोस्फीयर (heliosphere) और नवजात सौर पवन की विस्तृत माप करने तथा सूर्य के ध्रुवीय क्षेत्रों का समीप से निरिक्षण करने का है।
2. यह नासा द्वारा पार्कर सोलर प्रोब के प्रतिस्थापन के रूप में विकसित किया गया है।

**सही कूट का चयन करें:**

a) केवल 1
b) केवल 2
c) 1 और 2 दोनों
d) न तो 1 और न ही 2

**Q.2) Solution (a)**

SolO एक यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ESA) क्राफ्ट है जिसे एयरोस्पेस कंपनी एयरबस द्वारा यूनाइटेड किंगडम में असेंबल्ड किया गया है।

SolO का उद्देश्य आंतरिक हेलियोस्फीयर (heliosphere) और नवजात सौर पवन की विस्तृत माप करने तथा सूर्य के ध्रुवीय क्षेत्रों का समीप से निरिक्षण करने का है, जो पृथ्वी से कर पाना मुश्किल है, इससे दो प्रश्नों का उत्तर खोजा जा सकेगा कि "सूर्य कैसे निर्मित हुआ है और हेलिओस्फीयर को कैसे नियंत्रित करता है"?

**Source: https://indianexpress.com/article/explained/explained-what-is-solar-orbiter-how-it-differs-from-previous-missions-to-the-sun-6261241/**

**Q.3) 'पार्श्वनाथ' निम्नलिखित धर्मों में से, किसके साथ संबद्ध हैं?**

a) सिक्ख धर्म
b) हिन्दू धर्म
c) जैन धर्म
d) बौद्ध धर्म

**Q.3) Solution (c)**

पार्श्वनाथ (Pārśvanātha), जिन्हें पार्श्व (Pārśva) और पारस के रूप में भी जाना जाता है, जैन धर्म के 24 तीर्थंकरों (धर्म प्रचारक) में से 23 वें थे।

**Source (There are more facts in the article – Do go through):**
**https://www.thehindu.com/news/national/telangana/unearthing-of-jain-idol-calls-for-more-excavations/article31835608.ece**

**Q.4) 'विश्व निवेश रिपोर्ट, 2020' (World Investment Report 2020) किसके द्वारा प्रकाशित किया गया है**

a) विश्व आर्थिक मंच
b) व्यापार और विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (UNCTAD)
c) विश्व व्यापार संगठन
d) विश्व बैंक

**Q.4) Solution (b)**

UNCTAD द्वारा विश्व निवेश रिपोर्ट 2020 में कहा गया कि भारत 2019 में FDI का 9 वां सबसे बड़ा प्राप्तकर्ता था, जहाँ इस वर्ष के दौरान 51 बिलियन डॉलर का अंतर्वाह हुआ, जो 2018 में 42 बिलियन डॉलर के FDI से वृद्धि है, जब भारत विश्व में शीर्ष 20 मेजबान अर्थव्यवस्थाओं में 12 वें स्थान पर रहा था।

**Source:** **https://economictimes.indiatimes.com/news/economy/indicators/india-9th-largest-recipient-of-fdi-in-2019-will-continue-to-attract-investments-un/articleshow/76400055.cms#:~:text=India%20was%20the%209th%20largest,of%20inflows%20during%20the%20year.&text=FDI%20to%20India%2C%20the%20largest,FDI%20trend%2C%20the%20report%20said**.

**Q.5) निम्नलिखित में से कौन 'छह राष्ट्र- पांच महाद्वीप शांति पहल' (The Six Nation Five-Continent Peace Initiative) का हिस्सा नहीं था?**

a) भारत
b) फ्रांस
c) तंजानिया
d) स्वीडन

**Q.5) Solution (b)**

छह राष्ट्र शांति पहल संयुक्त राज्य अमेरिका और सोवियत संघ के बीच शीत युद्ध और परमाणु हथियारों की प्रतिस्पर्धा को समाप्त करने में मदद करने के लिए सरकार के छह प्रमुखों द्वारा संयुक्त पहल थी।

यह 1989 तक जारी रही, और कभी-कभी इसे पांच महाद्वीप शांति पहल के रूप में भी जाना जाता था। मूलतः छह नेता थे: अर्जेंटीना के राष्ट्रपति राउल अल्फोंस, भारत की प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी, मेक्सिको के राष्ट्रपति मिगुएल डे ला मैड्रिड, तंजानिया के राष्ट्रपति जूलियस न्येरे, स्वीडन के प्रधान मंत्री ओलोफ पाल्मे और ग्रीस के प्रधान मंत्री एंड्रियास पापांडोउ।

**Source:** **https://indianexpress.com/article/explained/why-olof-palme-matters-to-sweden-the-world-and-india-6458854/**